तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 नवीन कन्या कॉलेज में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर कार्यशाला



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष



**बैकुण्ठपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी सोमवार को कलेक्टर कार्यालय बैकुंठपुर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी से भेंट कर जिले में धान खरीदी पर किसानों से प्राप्त सुझावों एवं कठिनाइयों से अवगत कराया। ग्राम कैलाशपुर एवं घुघरा में लंबे समय से लंबित भूमि बंदोबस्त त्रुटि सुधार के लिए टीम गठन का आग्रह किया। कलेक्टर ने सभी विषयों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पीड़ित के परिजन को आर्थिक सहायता

**मनेन्द्रगढ़।** प्राकृतिक आपदा में पीड़ितों के परिजन को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (ग)(1) के अंतर्गत तहसील मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत हर्रा, निवासी ललित कुमार साहू की आकाशीय बिजली गाज गिरने से हुई दुर्घटना के पश्चात उनके वारिस उर्दयाली को 16 हजार रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि पीड़ित परिवार को आपदा की कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने के लिए शासन द्वारा प्रदत्त राहत उपायों के अंतर्गत दी गई है। स्वीकृत राशि का व्यय मांग संख्या 58 के मुख्य शीर्ष 2245 प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकलनीय होगा।

### ठंड से राहत के लिए अलाव व्यवस्था की मांग

**डोमनहिल।** यूथ कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष अशरफ अली ने चिरमिरी क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम प्रशासन से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिनों से चिरमिरी में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, इससे आम नागरिकों के साथ-साथ सड़क किनारों पर रहने वाले पशु भी प्रभावित हो रहे हैं। श्री अली ने कहा कि चिरमिरी के मुख्य चौक-चौराहों पर ठंड के कारण जानवरों की मृत्यु की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में प्रतिवर्ष नगर निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती थी, परंतु वर्तमान में तथाकथित ट्रिपल इंजन सरकार के रहते भी चिरमिरी में विकास और मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठंड से राहत के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई तो नगर निगम का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़ती ठंड को देखते हुए शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग प्रशासन से की है।

### सरपंचों को जल जीवन मिशन की बारीकियों पर प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र भरतपुर में नव-निर्वाचित सरपंचों के लिए आयोजित 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जल जीवन मिशन पर केन्द्रित एक अत्यंत महत्वपूर्ण सत्र संपन्न हुआ। इस सत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विशेषज्ञों ने जल जीवन मिशन योजना के संचालन और संधारण से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को छग शासन द्वारा जारी राजपत्र में वर्णित प्रावधानों की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली हस्तांतरण प्रक्रिया, पेयजल आपूर्ति प्रणाली के प्रमाणीकरण एवं सत्यापन की अनिवार्यताओं को सरल और चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सतत, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने में ग्राम पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों ने जल गुणवत्ता परीक्षण की अनिवार्यता, पेयजल व्यवस्था के नियमित रख-रखाव, समुदाय की सहभागिता और जल संरक्षण की आवश्यकता पर भी विस्तृत चर्चा की।

### चरचा वेस्ट मुहाड़े में बीएमएस यूनियन का धरना प्रदर्शन

# वेतन में लेटलतीफी, भड़का श्रमिकों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा आरओ वेस्ट मुहाड़े में वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी को लेकर श्रमिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। 7 दिसंबर को पांच श्रमिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया था, लेकिन निर्धारित दिन पर सिर्फ बीएमएस यूनियन ही मैदान में उतरी।

8 दिसंबर की सुबह लगभग 6 बजे बीएमएस यूनियन के पदाधिकारियों और काफी संख्या में कामगारों ने वेस्ट मुहाड़े पर पहुंचकर धरना देकर जोरदार नारेबाजी की और प्रबंधन के खिलाफ विरोध दर्ज किया। आमतौर पर हर महीने श्रमिकों को 2 से 3 तारीख के भीतर वेतन भुगतान किया जाता है, लेकिन इस बार 8 दिसंबर तक भी मजदूरों को वेतन प्राप्त नहीं हुआ, इससे श्रमिकों में रोष व्याप्त है तथा घरेलू खर्च एवं आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण श्रमिक संगठनों ने वेतन भुगतान में लापरवाही कर रहे प्रबंधन के खिलाफ विरोध तेज कर दिया है। सूत्रों के अनुसार एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में कामगारों का वेतन भुगतान कर दिया गया है, लेकिन बैकुंठपुर क्षेत्र में अब तक मजदूरों को भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते श्रमिकों में आक्रोश बढ़ रहा है। बैकुंठपुर क्षेत्र में कर्मचारियों के वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी के मुद्दे पर बीएमएस यूनियन ने सोमवार को एसईसीएल सहक्षेत्र प्रबंधक को 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। यूनियन ने चेतावनी दी है कि हर माह तय तिथि पर पगार नहीं मिलने से कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है और स्थिति जस की तस बनी रही तो धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल की राह अपनाई जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि कर्मचारियों को 2 तारीख तक वेतन मिल जाना चाहिए, लेकिन हर महीने भुगतान में देरी की जा रही है। इसके कारण कर्मचारियों का आजीविका संचालन प्रभावित हो रहा है और परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। यूनियन ने मांग की कि वेतन भुगतान सुनिश्चित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से कराया जाए। यूनियन ने ज्ञापन में चरचा आरओ के कर्मचारी सलमान को प्रबंधक द्वारा कथित रूप से अनाधिकृत निर्माण के आरोप में परेशान किए जाने का भी मुद्दा उठाया है। यूनियन ने कहा कि बैकुंठपुर क्षेत्र में अधिकांश कंपनी आवासों तथा कंपनी की भूमियों पर वर्षों से अनाधिकृत निर्माण मौजूद हैं, ऐसे में एकरूपता न अपनाकर विशेष रूप से सलमान को निशाना बनाना गलत है। यूनियन ने चेतावनी दी या तो पूरे क्षेत्र में बिना भेदभाव के एक समान कार्रवाई की जाए, अन्यथा सलमान के खिलाफ की जा रही कार्रवाई तत्काल बंद की जाए। यूनियन ने यह भी कहा गया है कि सभी कालोनियों में नाली सफाई कार्य बंद पड़ा हुआ है, इसके कारण नागरिक तथा कर्मचारी असुविधा झेल रहे हैं। यूनियन ने सफाई कार्य तुरंत शुरू कराने की मांग की। इसके साथ ही सीएचपी में ट्रेनी कामगारों से हाजिरी बाबू का कार्य कराए जाने पर भी आपत्ति जताई गई। यूनियन अनुसार पहले कार्यरत हाजिरी बाबू को अन्य कार्यों में भेजकर ट्रेनी से हाजिरी का काम लेना प्रबंधन की मनमानी और श्रमिक शोषण है। एनसीडब्ल्यू 11 समय के सेवानिवृत्त कामगारों को आज दिनांक तक एरियर, बोनस और अन्य देयकों का भुगतान न किए जाने को यूनियन ने गंभीर लापरवाही बताया और इनका भुगतान तुरंत किए जाने की मांग की। बीएमएस यूनियन ने ठेकेदारी कामगारों की उपस्थिति सेप प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित कराने और उन्हें एचपीसी भुगतान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। धरना कार्यक्रम में बीएमएस श्रमिक संगठन के यूनिट जेसीसी, केन्द्रीय कार्य समिति सदस्य जितेन्द्र श्रीवास्तव, विनोद दुबे सहित काफी संख्या में कामगार शामिल हुए।





कर्मचारियों के साथ विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक नेता।

#### काम बंद करने दी चेतावनी

सभी श्रमिकों ने एक स्वर में कहा कि यदि भुगतान नहीं हुआ तो सभी श्रमिक काम बंद करेंगे, इसके बाद आंदोलन चरणबद्ध रूप से तेज किया जाएगा। धरना स्थल पर श्रमिकों की भारी उपस्थिति और गूंजते नारे स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि वेतन मामले पर अब समझौते की गुंजाइश कम रह गई है।

#### यूनियन की कड़ी चेतावनी

धरना स्थल पर बीएमएस यूनियन के सचिव जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा 8 दिसंबर तक भुगतान नहीं होने पर हम सभी कामगारों ने एक दिवसीय धरना किया है। यदि आज दिनांक तक श्रमिकों के खातों में वेतन नहीं आता है तो 9 दिसंबर से असहयोग आंदोलन शुरू क िया जाएगा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# वन्यप्राणी शाही को फंसाकर अवैध शिकार, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

वनपरिक्षेत्र बैकुंठपुर अंतर्गत पटना वन क्षेत्र में गश्त के दौरान 4 दिसंबर को वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि वन्य प्राणी शाही का पीछा कर जाल में फंसाकर अवैध शिकार किया जा रहा है।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए देवगढ़ धाम के पास कक्ष क्रमांक आरएफ 432, वनखंड टेमरी, बीट कटकोना क्षेत्र में दबिश दी, जहां तीन आरोपियों को पकड़ा गया। मौके से शिकार में उपयोग होने वाले जाल फंदा, वायर, धारदार हथियार, कुल्हाड़ी, हांडी-बर्तन तथा सेही मांस के अवशेष बरामद किए गए। आरोपियों के विरूद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-1 की धारा 9, 39, 50, 51 तथा बीएनएसएस की धारा 35 (3) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में रामलाल पिता मोहरसाय उम्र 29 वर्ष, जाति खैरवार निवासी नानभान थाना पटना, देवलाल पिता अमरसाय उम्र 32 वर्ष, जाति अगरिया निवासी नानभान थाना पटना, सुनील कुमार पिता हीरालाल उम्र 26 वर्ष, जाति अगरिया निवासी नानभान थाना पटना वन अपराध क्रमांक 17965/17 के तहत तीनों आरोपियों को न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय बैकुंठपुर में पेश किया गया, जहां मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर जिला जेल बैकुंठपुर भेजने के आदेश दिए गए। इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्राधिकारी बैकुंठपुर भगन राम खेस, वनपाल श्रद्धा देवी पैकरा, वनरक्षक मनोज एक्का, दुष्यंत सिंह, राकेश कुमार पाण्डेय, अमोल साय, सुमेश्वर राजवाड़े, गेमगार्ड भूपेन्द्र कुमार व वनजीव ट्रैकरों का विशेष योगदान रहा। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी कोरिया श्री परदेशी तथा उप वनमंडलाधिकारी अखिलेश मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुई।

■ वनपरिक्षेत्र बैकुंठपुर की टीम ने की कार्रवाई

# पनिका-पनका समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बैकुंठपुर।** छग पनिका-पनका शोषित वर्ग समाज द्वारा पूर्ववत आरक्षण बहाल करने एवं समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने की मांग को लेकर 8 दिसंबर को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन महामहिम राज्यपाल छग शासन, मुख्यमंत्री छग शासन तथा प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली के नाम संबोधित है। समाज के सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पनिका-पनका समाज ऐतिहासिक रूप से उपेक्षित व शोषित वर्ग रहा है, अतः उन्हें पुनः पूर्ववत आरक्षण प्रदान कर अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने की मांग न्यायोचित है। प्रतिनिधियों ने शासन से मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा व्यक्त की। ज्ञापन सौंपने के दौरान सोनहत, बचारापोड़ी, बैकुंठपुर, पटना, पिपरा, मझगवां, जामपारा, बर्दिया, घुघरा, रजौली, तंजारा, पोड़ी, पुसला, कछार, गिरजापुर, जमड़ी, आनंदपुर, बुढ़ार, कसरा, तंजरा, तरगवां, खोड़री सहित अनेक ग्रामों के स्वजाति बंधु उपस्थित रहे। इस दौरान सत्यनारायण गोयन, सुकुल मरई, रमेश पड़वार, हुकुमचंद, जागेश्वर टांडिया, अहिबरन बघेल, अमित कुमार चिकनजुरी, विजय बघेल, गोरेलाल, विनोद कुमार गायग्वाल, भागीरथी वस्त्रकार, रामकृष्ण बघेल, नरेश कुमार बघेल, उजित प्रसाद, शिवचरण चिकनजुरी, शिवचरण लाल तांजे, संतोष कुमार गोयन, शिवप्रसाद, बालकृष्ण, प्रयास कुमार, सूरज लाल, विजय कुमार, बंशजीवन, रमेश कुमार, संतोष, विशाल देवांगन, खिलेश्वर बघेल, बच्चालाल, मोतीलाल खांडे, विजय कुलदीप, गुलाबचंद, गुलाब राम, विनोद कुमार, सहाल आदि उपस्थित रहे।

■ पूर्ववत आरक्षण बहाली व एसटी में शामिल करने की मांग

### यूपी से आ रहा ट्रक 400 बोरी धान जब्त

**बलरामपुर।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश की ओर से एक ट्रक में अवैध रूप से धान लाए जाने की जानकारी प्राप्त होते ही प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक नंबर सीजी 29 एएफ 0480 में लगभग 400 बोरी अवैध धान लोड था, जिसे बिना वैध दस्तावेजों के जिले की सीमा में लाया जा रहा था। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को रोका, सामग्री की जांच की और धान को कब्जे में लेकर वाहन को संबंधित थाने के सुपुर्द कर दिया है।

# मनरेगा श्रमिकों ने उत्साह के साथ मनाया रोजगार दिवस



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार रविवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा प्रावधानों के अनुरूप रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन इसलिए विशेष रहा, क्योंकि मनरेगा श्रमिकों ने स्वयं पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड स्कैन कर सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

डिजिटल तकनीक से जुड़े श्रमिकों का यह उत्साह ग्रामीण व्यवस्था में एक सकारात्मक संदेश दे रहा है कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं अब पूरी तरह पारदर्शी, सुलभ और साक्ष्य-आधारित हो रही हैं। मनरेगा प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रतिमाह 7 तारीख को रोजगार दिवस मनाया जाता है। इस दिन श्रमिकों से संवाद, जानकारी साझा करना तथा योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। रोजगार दिवस के अवसर पर पंजीकृत श्रमिकों को कार्य की मांग करने, मजदूरी भुगतान की स्थिति जानने, बैंक खाते से संबंधित विवरण प्राप्त करने, जॉब कार्ड आवेदन या संशोधन कराने जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड पारदर्शिता को नए स्तर पर ले जा रहे हैं। इस आयोजन में हजारों श्रमिकों ने अपने पंचायत के सभी मनरेगा कार्यों की जानकारी मोबाइल से स्कैन कर प्राप्त की, ग्रामवासियों को भी डिजिटल जानकारी प्राप्त करने के तरीके बताए गए, तकनीकी सहायकों ने क्यूआर कोड के उपयोग और महत्व पर विस्तार से समझाया। सीईओ जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले के सभी एपीओ, जनपदों के कार्यक्रम अधिकारी तथा तकनीकी सहायक आयोजित रोजगार दिवस में सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।

# 11 सदस्यीय हाथियों का दल कर रहा विचरण



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर क्षेत्र से हाथियों के 11 सदस्यीय दल 8 दिसंबर को मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के वन परिक्षेत्र बिहारपुर क्षेत्र में विचरण करते नजर आए। इस क्षेत्र में हाथियों के दल के द्वारा किसी तरह के कोई नुकसान करने की खबर सामने नहीं आई है। वन विभाग का मदानी अमला हाथियों के दल पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाकर रखने एवं हाथियों को छेड़छाड़ नहीं करने की समझाईस दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 11 सदस्यीय हाथियों का दल बीते कुछ दिनों से कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर के वन परिक्षेत्र देवगढ़ क्षेत्र में विचरण करते रहा और इस दौरान कई क्षेत्रों में किसानों के धान फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ पशुधन को भी घायल कर दिया था, वहीं एक व्यक्ति को भी घायल कर दिया था।

वन परिक्षेत्र देवगढ़ अंतर्गत कई क्षेत्रों का भ्रमण करने के उपरांत हाथियों का दल मनेन्द्रगढ़ वन मंडल अंतर्गत बिहारपुर वन परिक्षेत्र में 8 दिसंबर को पहुंच गया। हाथियों का दल वन परिक्षेत्र बिहारपुर के अंतर्गत चपलीपानी के कक्ष क्रमांक 852 में विचरण करते देखे गए। इस क्षेत्र से हाथियों के दल को ग्राम कांटो, झामडॉड़ व बैरागी की ओर जाने की संभावना जताई गई है।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बैठक



**मनेन्द्रगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगर पंचायत खोंगापानी कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के लिए निकाय के जनप्रतिनिधियों, बीएलए, बीएलओ तथा अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उन्होंने चल रहे पुनरीक्षण कार्य की महत्ता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता की आधारशिला है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों तथा बीएलए को सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में सहयोग देने की अपील की। साथ ही बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों और कठिनाइयों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण एवं सटीक पुनरीक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाए, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य निर्वाचन), मुख्य नगरपालिका अधिकारी, अधीक्षक (सामान्य निर्वाचन), प्रोग्रामर, नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदगण, राजनीतिक दलों के बीएलए, तथा संबंधित मतदान केन्द्रों के बीएलओ उपस्थित रहे।

### कचहरीपारा बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# हिंदुत्व केवल आस्था नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान



सम्मेलन को संबोधित करते सहक्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिदार।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बिलासपुर।** जिला मुख्यालय में सोमवार को कचहरीपारा बस्ती में अभ्यास शाला प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से सहक्षेत्र प्रचारक, केन्द्र जबलपुर प्रेमशंकर सिदार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में अपने उद्बोधन के दौरान श्री सिदार ने कहा कि हिंदुत्व केवल आस्था नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान है। राष्ट्र का आधार हमारी परंपराएं, मूल्य और सनातन विचारधारा रही है। आज समय है कि युवा अपनी संस्कृति और सभ्यता को समझें तथा गर्व के साथ संजोए। उन्होंने समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए धर्म एवं संस्कृति संरक्षण पर जोर दिया। धर्मांतरण विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक रहने की आवश्यकता है तथा किसी भी प्रकार के परिवर्तन के प्रति विचारपूर्वक निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर घर में सामूहिक आरती होनी चाहिए, इसके साथ ही सामूहिक भोजन भी करना चाहिए। हिन्दु सम्मेलन को श्रीमती मंजू जीवनानी ने भी संबोधित किया, उन्होंने धर्म, राष्ट और सामाजिक एकता पर केन्द्रित विचार प्रस्तुत किए गए। उपस्थित जनसमूह ने वक्तव्य का स्वागत किया एवं संस्कृति संरक्षण के संकल्प के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

समारोह में प्रमुख रुप से नरेश सोनी, रामजी नामदेव, बाबा पांडे, रुप नारायण पाण्डेय, डॉ.गौरवकांत बड़ेरिया, रविकांत, विनीत मिश्रा, महेन्द्र सोंधिया, देवेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र शर्मा, सीटू अग्रवाल, शारदा गुप्ता, तीरथ राजवाड़े सहित कचहरीपारा के स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

## हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।




# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर'पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

## टीवी मसाला




# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आज़ाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में



कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।

# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता :** रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यू फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुई और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माणि सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माणि भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



**खबर संक्षेप**

## सियाराम को बरसात और ठंड की परेशानी से मिली मुक्ति



**बैकुण्ठपुर।** जिले के बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कसरा के निवासी सियाराम आत्मज धर्मजीत के लिए पहले आय का कोई स्थायी स्त्रोत नहीं था। अकुशल श्रम के सहारे किसी तरह घर का खर्च चल पाता था। परिवार दूध व्यवसाय से आय बढ़ाना चाहता था, परंतु पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए उचित स्थान का अभाव सबसे बड़ी बाधा थी। कच्चे स्थान पर बरसात और ठंड के मौसम में पशुओं को संभालना अत्यंत कठिन हो जाता था। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत ने महात्मा गांधी नरेगा की वार्षिक कार्ययोजना तैयार करते समय उनके लिए व्यक्तिगत पशु शेड निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के तहत 1,19,000 की राशि मंजूर की गई तथा निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत कसरा को सौंपी गई। योजना के अनुसार शेड का निर्माण समय पर पूर्ण हुआ। मजबूत, पक्का और सुरक्षित पशु शेड मिलने के बाद सियाराम के लिए पशुपालन का कार्य अत्यंत आसान और व्यवस्थित हो गया। पक्के शेड से उन्हें न केवल पशुओं की सुरक्षा मिली, बल्कि अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का आत्मविश्वास भी प्राप्त हुआ। निर्माण कार्य पूर्ण होते ही उन्होंने दो नए दुधारू पशु खरीदे। अब उनके घर में प्रतिदिन 10 से 12 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### कार्यक्रम की शुरूआत जनजातीय नायकों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुई

# नवीन कन्या कॉलेज में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 5 दिसंबर को प्राचार्य डॉ. आरएन कच्छप के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यशाला में आदिवासी समाज के विद्वानों ने जनजातीय इतिहास, संस्कृति एवं वीर नायकों की गाथाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए छात्राओं को गौरवशाली धरोहर से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं जनजातीय नायकों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। स्वागत गीत के उपरांत प्राचार्य डॉ. कच्छप ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा श्रीमती कनकलता पैकरा द्वारा प्रस्तुत की गई। उपाध्यक्ष, जनजाति गौरव समाज कोरिया रामप्रताप मरावी ने आदिवासी संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासी कोई धर्म नहीं, बल्कि प्रकृति पूजक संस्कृति है। उन्होंने बिरसा मुंडा सहित जनजातीय संघर्ष एवं नेतृत्व की प्रेरक कथाओं पर चर्चा की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने जनजातीय समाज की विशिष्टताओं एवं योगदान को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता, युवा प्रभाग जनजाति गौरव समाज के अध्यक्ष इंदर भगत ने आदिवासी इतिहास, संत गहिरा गुरू, राजमोहिनी देवी, फूलो-झानो, सिद्धू-कानू, गुंडाधुर, शहीद वीर नारायण, रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह आदि अनेक नायकों के संघर्ष व बलिदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज में प्रचलित कुरीतियों से मुक्त जनजातीय संस्कृति और इतिहासकारों की उपेक्षा के विषय पर भी चिंता व्यक्त की। सर्व आदिवासी समाज कोरिया के जिला सचिव विजय ठाकुर ने आदिवासी लोकगीतों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रिचा चेलकर व आभार प्रदर्शन भारत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, ऋतेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञान चंद्र पाल, बिक्की राम, सुमित कुमार मिश्रा, मो. अमजद, विनय गुप्ता, विजय कुमार, दीप्ती केरकेट्टा, मेघा डाहिरे, चंदन सिंह पटेल, डॉ. रिचा श्रीवास्तव, हरिओम प्रजापति, विपिन कुमार सिंह, महेन्द्र कुमार कुर्रे, प्रतिमा उपाध्याय, तेजीलाल कुजूर, भागवत प्रसाद साहू, कु. खुशबू, सत्येन्द्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा एवं श्रीमती अनिता का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# कार्यकुशलता से आवास निर्माण में आएगी तेजी



- अकुशल श्रम करने वाले श्रमिकों का रूरल मेसन प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य को गति देने तथा राजमिस्त्रियों की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से रूरल मेसन ट्रेनिंग का नया सत्र से आरंभ हुआ। राज्य शासन के निर्देशानुसार शुरू हुए इस प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने आरसेटी पहुंचकर किया।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह अवसर न केवल श्रमिकों के कौशल को विकसित करेगा, बल्कि गांवों में आवास निर्माण की गति को भी बढ़ाएगा। मनरेगा के तहत अब श्रमिकों को केवल अकुशल श्रम तक सीमित नहीं रखा जा रहा है, बल्कि उनकी कार्यक्षमता और आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विभिन्न ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत चयनित 35 श्रमिकों को एक माह का निःशुल्क राजमिस्त्री प्रशिक्षण आरसेटी में दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए सोनहत जनपद पंचायत के तीन ग्राम पंचायतों मधौरा से 16, लटमा से 15 एवं कटगोड़ी से 4 मनरेगा पंजीकृत अकुशल श्रमिक युवाओं का चयन किया गया है। प्रशिक्षण पूरा होने पर ये युवा प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य निर्माण कार्यों में दक्षता के साथ योगदान दे सकेंगे। प्रशिक्षण सत्र के आरंभ में डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि मनरेगा श्रमिकों की मेहनत और अनुभव को अब कौशल के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि वे अकुशल श्रम से आगे बढ़ते हुए अपने भविष्य को बेहतर बना सकें।

# पीजी कॉलेज क्रिकेट टीम बनी परिक्षेत्र स्तरीय चैंपियन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के अंतर्गत आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर की क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर इतिहास रच दिया।

प्रतियोगिता का आयोजन राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर की मेजबानी में हुआ, इसमें सरगुजा संभाग के कुल 16 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। बैकुंठपुर महाविद्यालय की टीम ने कोच एवं क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद इम्तियाज अली के मार्गदर्शन तथा कप्तान तौफिक खान के नेतृत्व में शानदार खेल दिखाते हुए लगातार सभी मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले लीग मैच में टीम ने सरस्वती कॉलेज अंबिकापुर को 21 रन से, क्वार्टर फाइनल में मेजबान राजीव गांधी पीजी कॉलेज अंबिकापुर को 11 रन से, वहीं सेमीफाइनल में शासकीय रेवती रमन मिश्र पीजी कॉलेज सूरजपुर को 35 रन से पराजित किया। फाइनल मुकाबला राजकुमार धीरज सिंह कॉलेज उदयपुर से हुआ। इसमें बैकुंठपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उदयपुर की टीम मात्र 50 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार बैकुंठपुर पीजी कॉलेज ने 27 रनों से जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा किया। अंत में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में राजीव गांधी पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिन्हा ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर शुभकामनाएं दीं। विजेता टीम में शामिल खिलाड़ी कप्तान तौफीक खान, उप कप्तान मो. जुनैद, अविनाश, सागर कुर्रे, निशांत तिर्की, तौफीक रजा, सतेन्द्र कुमार सिंह, विमल सिंह, आदित्य कुमार, आशीष कुमार साहू, राहुल राजवाड़े, तुषार पैकरा, निखिल कुमार। टीम की शानदार जीत पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर सहित क्रीड़ा प्रभारी डॉ. पियूष पांडे, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. गौरव कुमार मिश्र, डॉ. आशुतोष देउस्कर, डॉ. विनय कुमार शुक्ला, डॉ. बीके पांडे, अनुरंजन कुजूर, श्रीमती जयश्री प्रजापति, भूपेन्द्र सिंह, डॉ. कुलदीप ओझा, राधेश्याम पटेल, मो. आरिफ ढेबर तथा समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# नपा में पकड़े गए कुत्तों की होगी नसबंदी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

- सीएमओ के नेतृत्व में चला अभियान




सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बाद देशभर में आवारा कुत्तों के प्रबंधन को लेकर नगर निकाय सक्रिय हो गए हैं। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवारा कुत्तों को पकड़ने का विशेष अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी संजय दुबे के नेतृत्व में की गई। पालिका टीम द्वारा पकड़े गए कुत्तों को पशुपालन विभाग के सहयोग से सुरक्षित तरीके से ले जाया जा रहा है, जहां उनकी नसबंदी, टीकाकरण और आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य शहर में बढ़ रहे कुत्तों की अनियंत्रित संख्या को रोकना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सीएमओ श्री दुबे ने बताया कि आक्रामक और हमलावर स्वभाव के कुत्तों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान चरणबद्ध तरीके से आगे भी जारी रहेगा, ताकि शहर में कुत्तों से जुड़ी दुर्घटनाओं और रेबीज संक्रमण के जोखिम को कम किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी आवारा कुत्ते को अपने स्तर पर पकड़ने की कोशिश न करें, क्योंकि ऐसा प्रयास खतरनाक हो सकता है। बच्चों को विशेष रूप से ऐसे कुत्तों से दूर रखने की सलाह दी गई है। सीएमओ ने यह भी कहा कि यदि किसी नागरिक व बच्चों को कुत्ता काट ले, तो वे तुरंत अस्पताल जाकर जांच और उपचार अवश्य कराएं, ताकि संक्रमण की आशंका को समय रहते रोका जा सके।

**निधन**

## श्रीमती नन्ही बाई

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के काली मंदिर रोड निवासी श्रीमती नन्ही बाई का निधन सोमवार को हो गया। स्व. नन्ही बाई क्षेत्र के प्रतिष्ठित सोनी परिवार के सदस्य राम किशोर सोनी एवं राम किशन सोनी की माता थीं। स्व. श्रीमती नन्ही बाई की उम्र 103 वर्ष की थी। इनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. श्रीमती नन्ही बाई का अंतिम संस्कार मंगलवार को बनारस में किया जाएगा।



## अनिल कुमार रोचलानी

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के फल व्यवसाय से जुड़े अनिल कुमार रोचलानी (बंटी) 8 दिसंबर को बिलासपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। स्व. रोचलानी 52 वर्ष के थे। इनके निधन से व्यापारिक समुदाय सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। स्व. रोचलानी का अंतिम संस्कार 9 दिसंबर को मनेन्द्रगढ़ स्थित मुक्ति धाम आमाखेरवा में किया जाएगा।



# शहर की सड़कों पर वन वे ट्रैफिक नियम ठंडे बस्ते में, लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने तथा राहगीरों सहित वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर दो साल पूर्व शहर के प्रमुख मार्गो को वन-वे किया गया था। चिन्हांकित सड़क के वन-वे घोषित होने के बाद पुलिस व यातायात विभाग की सख्त कार्रवाई के बाद लोगों ने नियम का पालन कराना शुरू कर दिया था। हैरानी की बात तो यह है कि शहर में लागू वन वे नियम का पालन कुछ माह तक ही हो सकी। ऐसे में पुलिस व यातायात विभाग के कर्मियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने से अब पुनः पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई है। आलम यह है तीन व चार पहिया वाहन चालक नियम को दरकिनार कर फर्राटे भरने लगे है जिससे न सिर्फ जाम की स्थिति निर्मित होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

शहर के व्यावसायिक स्थल, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बैंक परिसर व शासकीय कार्यालयों सहित प्रतिदिन हजारों की संख्या में शहर के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने-अपने कार्यों से वाहन लेकर आते है। ऐसे में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से सड़क के किनारे या सड़क पर ही बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ी कर अपने कार्यों का निष्पादन कराते हैं। शहर में गाड़ियों की संख्या काफी बढ़ गई है जिसका असर यातायात पर भी पड़ा है। एक ओर शहर की सड़कों पर वाहनों की भीड़ तो वहीं दूसरी ओर व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों के सामने सड़क तक समान निकाल कर बिक्री करने से सड़कें संकरी होने लगी है जिससे मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित होती है।




### इन मार्गो को किया गया था वन-वे

थाना चौक से प्रवेश कर महामाया चौक होते हुए जयस्तंभ चौक अग्रसेन चौक तक चार पहिया एवं तीन पहिया वाहन जा सकेंगे, परन्तु अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक से महामाया चौक की ओर तथा थाना चौक तक आने वाली चार पहिया एवं तीन पहिया वाहन प्रतिबंधित था। इसी प्रकार महामाया चौक से संगम चौक, देव होटल की ओर चार पहिया एवं तीन पहिया वाहन जा सकेगी, परंतु देव होटल की ओर से संगम चौक तक चार पहिया एवं तीन पहिया वाहनों पर प्रतिबंधित था। संगम चौक से गुदरी बाजार की ओर चार पहिया एवं तीन पहिया वाहन जा सकेगी. परंतु गुदरी बाजार से संगम चौक की ओर से चार पहिया एवं तीन पहिया वाहन का प्रवेश वर्जित था। इस प्रकार कोई भी चार पहिया एवं तीन पहिया वाहन थाना चौक से प्रारंभ करके महामाया चौक सदर रोड़ से होते हुए जय स्तंभ चौक से पुराना बस स्टैण्ड रोड, मायालॉज चौक, ब्रह्म मंदिर तिराहा, सतीपारा रोड़ से देव होटल तक जा सकेंगे या ब्रम्ह मंदिर तिराहा से ब्रम्ह रोड़ होते हुए संगम चौक होते हुए देवीगंज रोड़ से देव होटल तक जा सकेंगे अथवा संगम चौक से गुदरी बाजार चौक की ओर जाकर पुनः थाना चौक जा सकेंगे। वन-वे का समय सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक लागू था।

# जवानों के त्याग और बलिदान से ही हम सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

- सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर हुआ आत्मीय संवाद और सम्मान समारोह



सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बैकुंठपुर में सादगी और गरिमा से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की रक्षा में जुटे सैनिकों के अदम्य साहस व अनुकरणीय बलिदान को नमन किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी नागरिक आज सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं तो इसका श्रेय हमारे सेना और सुरक्षा बलों के जवानों को जाता है। उनका त्याग केवल उनका अपना नहीं, बल्कि पूरे परिवार का त्याग होता है। कड़ाके की ठंड हो, बारिश हो या भीषण गर्मी हमारे जॉबाज सैनिक राष्ट की सेवा में हर पल तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि जवानों का समर्पण न केवल राष्ट की रक्षा करता है बल्कि नागरिकों के जीवन और भविष्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम में लेफ्टिनेन्ट कर्नल जितेन्द्र कुमार देवांगन (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, डिप्टी कलेक्टर डीडी मंडावी, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा क्षेत्र के प्रसिद्ध सैन्य-गाथा कवि जीपी नेमा, सुबेदार सुनील कुमार सिंह, भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियों का लेपल पिन लगाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारी, पूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों की विधवाओं, सेवारत सैनिकों एवं उनके आश्रितों को ध्वज लगाकर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी अधिक अर्थपूर्ण बनाया। सभी अतिथियों ने सैनिकों के अद्वितीय साहस, अनुशासन और बलिदान को सलाम करते हुए उनके प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

# लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए जागरूकता अभियान



बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के दिशा-निर्देश तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सोमवार को बैकुंठपुर स्थित चाइल्ड लाइन कार्यालय में स्वास्थ्य मितानिनों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई स्वास्थ्य मितानिन कार्यकर्ताओं को लिंग आधारित हिंसा, उससे जुड़ी कानूनी दंड प्रक्रिया, हिंसा के कारण, तथा रोकथाम के व्यावहारिक उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उद्देश्य यह रहा कि मितानिनें समुदाय में महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों के साथ होने वाली हिंसा की पहचान कर सकें तथा पीड़ितों को उचित सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध करा सकें। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को महिलाओं एवं किशोरियों से संबंधित प्रमुख अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाएं, शक्ति सदन की भूमिका, अनैतिक मानव व्यापार से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रावधान आदि विषयों की जानकारी दी गई।

# चार युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- वीडियो जारी करने के बाद युवक ने लगाई थी फांसी

युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वायरल वीडियो में मृतक द्वारा बताए गए चार युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि शहर के बौरीपारा शिकारी रोड निवासी परम तिवारी आ. आदित्यनाथ तिवारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवक पॉलिटेक्निक का छात्र था और पिछले एक-डेढ़ साल से परिवार से अलग केदारपुर सहेली गली में किराए के मकान में रहता था। इस दौरान अपनी मौत से पहले युवक ने एक वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया था जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदारी महुआपारा निवासी छोटू पंडित उर्फ छोटू मिश्रा, बुद्धि पंडित, विक्रांत व प्रांजल मिश्रा को बताया है। युवक ने वीडियो में बताया था कि 5 दिसम्बर की शाम 7 बजे वह जिम से अपने दोस्त के साथ निकला जहां उसके मित्र का एक दोस्त पहले से मौजूद था। जब सभी अग्रसेन चौक पहुंचे तो विक्रांत व अन्य युवक का विवाद हुआ। इस घटना के बाद आरोपियों ने परम तिवारी के घर जाकर उसके माता-पिता भाई को भी जान से मरने की धमकी दी। युवक ने वीडियो में बताया था कि यदि उसे कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार उक्त चारों युवक होंगे।

### उत्कृष्ट मॉडल के कैडेट्स किए गए सम्मानित

# सैनिक स्कूल की प्रदर्शनी में कैडेट्स ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर



प्रदर्शनी का अवलोकन करती प्राचार्य।

सैनिक स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका विषय वैश्विक कल्याण हेतु ज्ञान था। दो दिवसीय प्रदर्शनी का समापन 6 दिसम्बर को किया गया। प्रदर्शनी में कैडेट्स ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और सूचना प्रौद्योगिकी अंतर्गत कैडेट्स ने अभिनव मॉडल प्रस्तुत किए। मूल्यांकन दल ने नवाचार, उपयोगिता और व्यवहार्यता के आधार पर परियोजनाओं का आकलन किया और उत्कृष्ट मॉडलों को तीन श्रेणियों में पुरस्कृत किया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्रेणी में रसायन विज्ञान का थर्मल पावर प्लांट और जीवन विज्ञान का स्वचलित सिंचाई यंत्र, भौतिकी में डायसन स्पीकर परियोजना। भाषा एवं कला में अंग्रेजी का ग्रामर मशीन और संस्कृत का संधि सांप-सीढ़ी के छाया कथा डिब्बा वहीं गणित एवं सूचना प्रौद्योगिकी श्रेणी में गणित का ज्यामितीय पार्क तथा आईटी का कैडेट्स लॉगिन एवं ओबीए रजिस्ट्रेशन परियोजना को पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी के बाद अभिभावक-शिक्षक बैठक हुई तथा विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट अभिभावकों को सौंपी गई। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने अभिभावकों से कैडेट्स को मोबाइल न देने का अह्वान किया तथा कहा कि अनुशासन और संतुलित जीवन शैली ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर तथा शिक्षक उपस्थित थे।

